# डेढ़ माह से टूटी लाइन, पानी को तरसे

## झाडला के समीप बरखेड़ा डोर में सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइन

**नवभारत न्यूज**

**कुरावर/झाडला 01 अप्रैल, सं. झाडला के समीप ग्राम बरखेड़ा डोर में सड़क निर्माण के दौरान पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त होने से पानी का भारी संकट आ खड़ा हुआ है. डेढ़ माह पूर्व टूटी लाईन आज तक नहीं जोड़े जाने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

जानकारी के अनुसार बरखेड़ा डोर से हिनोतिया जोड़ तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से डामर की सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है. सड़क निर्माण के चलते बरखेड़ा डोर के यहां करीब 300 मीटर पीएचई की नलजल योजना लाईन क्षतिग्रस्त हो गई, इसके बाद से दर्जनों घरों तक पानी सप्लाई ठप्प हो गई.



### लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

लाईन क्षतिग्रस्त होने से अधिकांश घरो में पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही है जो कुछ जगह पर पानी पहुंच रहा है वहां सप्लाई के दौरान लाईन फूटी होने से लाखों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है . पानी बहने से नवनिर्मित सड़क मार्ग के भी खराब होने का डर बना हुआ है .

**घर, स्कूलों में पानी सप्लाई बंद** - गांव के बाहर से गुजर रही पेयजल सप्लाई लाईन करीब डेढ़ माह पूर्व टूट जाने के बाद गांव के दर्जनों घरों, कॉलोनी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, निजी हायर सेकेण्डरी स्कूल में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई.

**गर्मी में परेशानी और बढ़ेगी** - डेढ़ माह से पानी के लिए परेशानी का सामना कर रहे लोगों के समक्ष गर्मी के मौसम में पानी की परेशानी कहीं अधिक होगी. जल्द लाईन दुरस्त नहीं की गई तो आने वाले दिनों में पेयजल को लेकर भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है.

**कई बार कर चुके है शिकायत** - पंचायत एवं ग्रामीणों के द्वारा विभाग एवं ठेकेदार को अवगत कराते हुए कई बार क्षतिग्रस्त पेयजल लाईन को जोड़ने हेतु कहा गया किंतु आज दिनांक तक 300 मीटर लाईन टूटी ही है. एक जगह थोड़ी बहुत लाईन जोड़कर औपचारिकता भर पूरी कर दी गई. ग्रामीणों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

नलजल योजना की पेयजल सप्लाई लाईन करीब 300 मीटर क्षतिग्रस्त हो गई है . इसको लेकर शिकायत भी आई थी . लाईन को दुरस्त करने को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार को नोटिस दिया जा चुका है .

**देवेन्द्र गौड़ एसडीओ, पीएचई विभाग नरसिंहगढ़**



# मऊ-पड़ाना मार्ग पर मौत को दावत दे रहे बिजली के तार

## कभी हो सकता है बड़ा हादसा

**नवभारत न्यूज**

**पडाना 01 अप्रैल, सं. नेशनल हाईवे मऊ से पडाना होते हुए राजधानी की ओर जाने वाला सुगम एवं सरल मार्ग मऊ पड़ाना सड़क मार्ग पर पर विद्युत विभाग की ब?ी लापरवाही सामने आ रही है। यहाँ स?क किनारे लगे 33ज्यङ्क हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे तक झूल रहे हैं, जिससे हर समय किसी बड़ी अनहोनी का डर बना रहता है.**

वाहनों से टकराने का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि तारों का स्तर सड़क से इतना नीचे आ गया है कि वहां से गुजरने वाले ऊंचे वाहन, जैसे हार्वेस्टर ट्रैक्टर-ट्रॉली या ट्रक, कभी भी इनकी चपेट में आ सकते हैं. विशेष रूप से रात के समय जब दृश्यता कम होती है, तब इन तारों से टकराने की संभावना और भी बढ जाती है. यदि कोई वाहन इन तारों के संपर्क में आता है, तो एक बड़ा अग्निकांड या जनहानि हो सकती है।

### जल्द सुधार की मांग

स्थानीय रहवासियों और किसानों ने ठेकेदार ,प्रशासन एवं विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय, समय रहते इन तारों को ऊपर किया जाए और व्यवस्था में सुधार किया जाए . यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे .

**प्रशासन की चुप्पी पर आक्रोश** - क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या के बारे में पूर्व में भी ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन बिजली विभाग द्वारा अब तक इन ढीले तारों को कसने या खंभों को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. सड़क पर आवाजाही अधिक होने के कारण राहगीर और वाहन चालक हमेशा खौफ के साये में सफर करने को मजबूर हैं.

## एक नजर में

### देश की सेवा कर घर लौटे फौजी का स्वागत

**करनवास 01 अप्रैल, सं .** श्री राम सिंह फौजी का हुआ स्वागत राम सिंह सीआरपीएफ से 41 वर्ष सर्विस कर मां भारती की सेवा कर अपने घर को लौटे श्री राम सिंह 1985 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे जिन्होंने लद्दाख असम त्रिपुरा तिरुवनंतपुरम जम्मू कश्मीर और अमरनाथ आदि जगहों पर आतंकवादियों से एकाद बार भी मुठभेड़ हुई पर सकुशल अपने वतन को लौटे राम सिंह उनके बड़े भाई अमर सिंह यादव वह भी मध्य प्रदेश सशस्त्र पुलिस से 2 साल पहले रिटायरमेंट हुए दोनों भाई करनवास की शान और देश सेवा के लिए अग्रणी रहे दोनों के घर से गरीब परिवार के होते हुए उन्होंने देश की सेवा बड़े ही श्रद्धा भाव से की आज छोटे भाई राम सिंह जब अपने घर आए तो बड़े भाई अमर सिंह यादव उनको बाईपास ब्यावर धूमधाम से लेने गए करनवास पहुंचने पर नीलकंठ महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना कर फिर जिप्सी में सवार होकर पूरे गांव में जुलूस निकाला गया सभी गांव के नवयुग को सरपंच मुकेश यादव के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया और आसपास उनके रिश्तेदार और आसपास के फौजी भाई भव्य स्वागत किया इस अवसर पर उनका जगह-जगह तिलक और माला पहनकर स्वागत किया गया इसके पश्चात जुलूस मनकामेश्वर महादेव मड़ागल पर पहुंचा जहां पर सभी का आभार व्यक्त किया गया .

### शासकीय स्कूल मैं प्रवेश उत्सव मनाया

**पड़ाना 01 अप्रैल, सं .** गुरुवार संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले प्राइमरी मिडिल हाई एवं हायर सेकेंडरी शासकीय स्कूल मैं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से कुमकुम तिलक फूल माला पहनकर नियम एवं अनुशासन व सुविधा के बारे में बताया . इसी के चलते पड़ाना हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार प्रवेश उत्सव के दौरान कक्षा नौवीं में 31 कक्षा दसवीं में 50 कक्षा ग्यारहवीं में 30 कक्षा 12वीं में 95 नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया . इस मौके पर संकुल प्रभारी शिवनारायण वर्मा, जुनैद अंसारी, गरिमा जैन, प्रतिभा वागै, शिल्पा दांगी, स्वाति वर्मा, सविता वर्मा, अब्दुल सत्तार अंसारी, सिद्धनाथ वर्मा, मोहम्मद जफर, मोहनलाल, सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा .




# सर्वसम्मति से पेंशनर संघ के छठीं बार अध्यक्ष बने त्रिकार

## पेशनर्स साथियों का मनाया जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 01 अप्रैल, सं. मप्र प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर द्वारा आयोजित मार्च में जन्मे 12 पेंशनर्स सदस्यों के सामूहिक जन्मोत्सव अवसर पर छठवीं बार सर्वसम्मति से मनोनीत, आगामी 2 वर्ष के लिए लक्ष्मी नारायण त्रिकार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए.**

इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया सेवानिवृत्त बी.ओ .उमाशंकर दुबे द्वारा विधिवत संपन्न कराई. अध्यक्षता वरिष्ठतम पेंशनर पंडित प्रेम शंकर पांडे ने की. सर्वप्रथम मां गायत्री, साई राम की पूजन अर्चन कर शुभारंभ पदाधिकारी द्वारा किया गया.

इस दौरान 95 वर्षीय शिवनारायण महेश्वरी, श्रीमती नैंसी माइकल, उमाशंकर दुबे,डॉक्टर कमलकांत शर्मा, श्रीमती रुक्मणी पाठक, विष्णु प्रसाद जोशी, महेश चंद्र जैन, विष्णु प्रसाद, तिवारी, अनवार लोधी,श्रीमती करुणा सक्सेना, श्रीमती ललिता सेन, देवीलाल यादव का सामूहिक जन्म उत्सव मनाया गया. शाखा अध्यक्ष ने मंगल तिलक एवं पदाधिकारी ने मोती माला पहनाकर स्वागत किया.

अनुपस्थित सदस्यों को जन्मदिन की बधाई, शुभकामनाएं दी गई. संचालन कर रहे पंडित सत्यनारायण शर्मा, सचिव नंदकिशोर सोनी, श्री पांडे ने विचार व्यक्त किया. सचिव नंदकिशोर सोनी ने आभार व्यक्त किया. इस माह दिवंगत रामचरण मालवीय को 2 मिनट मोन रखकर श्रद्धांजलि दी.

इस दौरान जिला शिक्षक संघ अध्यक्ष नरसिंहलाल शर्मा सहित त्रक्र मालवीय, मांगीलाल भिलाला , वरिष्ठ पेंशनर गंगाराम सिरोलिया,लक्ष्मी चंद शर्मा, शिव सिंह चौहान, शिवनारायण मालवीय,वल्लभ सोनी, राम प्रसाद मालवीय, जय हिंद प्रकाश दुबे, भेरूलाल मालवी, आरसी वर्मा, मणि शंकर पाटीदार, दिनेश विजयवर्गी, राधेश्याम शर्मा, रामकिशन,रमेश चंद्र महेश्वरी, रामनारायण टेटवाल,गिरिराज गुप्ता, नंदकिशोर पुष्पद, राजेंद्र टेटवाल, सिद्धनाथ शर्मा, देवी सिंह रातलिया, पुरुषोत्तम कारपेंटर, ग्यारसीराम कुलरिया, राम बचन सिंह कुशवाहा, कैलाश चंद्र वर्मा, मनोहर पाठक, हरिशंकर सेन, तेज सिंह भिलाला, अर्जुन बातरै, कैलाश नारायण पटवारी, श्रीमती मीना खरे, बाबूलाल मेढा, सहित अन्य पुरुष महिला पेंशनर्स उपस्थित रहे.

# कन्या उमा विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

**छापीहेड़ा 01 अप्रैल, सं.** नगर के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया. तिलक लगाकर नवीन बालिकाओं का स्वागत किया गया तथा पुस्तक वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया.

विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्राओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

इस अवसर पर प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया एवं छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं.कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं.

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती देवबाई भँवरलाल खटीक (नगर पंचायत अध्यक्ष) द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि कैलाशचंद पाटीदार (वरिष्ठ भाजपा नेता) रहे. दोनों अतिथियों ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि कैलाश पाटीदार ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, अनुशासन एवं बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की.

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गोविंद प्रसाद कारपेंटर द्वारा किया गया.

अंत में सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि हर बालिका शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाएगी.

### संवाद से 41 शिकायतों का निराकरण

**तलेन 01 अप्रैल, सं.** एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश दामले तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुआ. जिसमें वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त 13 शिकायतें एवं लोकल की 28 शिकायतें, कुल 41 शिकायतों का मौके पर निराकरण 08 प्रकरणों में राजीनामा, राजस्व एवं घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को समझाईश देकर समाधान कराया गया.

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 01 अप्रैल, सं.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 1ली से 12वी तक के छात्रों का प्रवेश उत्सव एवं विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित समारोह आयोजित किया गया.

अध्यक्षता उत्कृष्ट विद्यालय योग समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार जमींदार एवं मुख्य अतिथि नगर परिषद पार्षद प्रतिनिधि सुनील हिंडोनिया विशेष अतिथि प्रभारी प्राचार्य हरीश कुमार गुप्ता ने की.

शिक्षिका श्रीमति सीमा गुप्ता एवं मुकेश कुमार सेन दिनेश जमींदार ने बताया कि शासन छात्रों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दे रही हैं, हर विधार्थी अध्ययन पर ध्यान दें. अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों को मंगल तिलक लगाकर पुस्तक वितरण की.

संचालन स्काउट शिक्षक गोवर्धन लाल वर्मा किया. इस मौके पर शिक्षक भेरूलाल शर्मा, गिरीराज सिंगी, राकेश भावसार, गोपाल कृष्ण वर्मा, गोवर्धन लाल वर्मा,बालुसिह पवांर, लक्ष्मीनारायण दांगी, गोविंद शर्मा, गिरीराज गुप्ता रावली, सुरेश वर्मा, प्रभुलाल टेलर , श्रीमति रेहाना बी, अनिता वर्मा, घनश्याम गुर्जर, नौशीनजंहा, सीमा गुप्ता, सपना पाटीदार ,कुसुमलता गौड़, वैशाली दांगी, ज्योति गुर्जर शिवनाथ दांगी, ईश्वर सिंह किरार, आर के कुशवाह, गोपाल भील, अशोक कुमार दांती, अजय सेन, रमेश मेवाड़े, हेमराज सेन सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.

### प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

**राजगढ़ 01 अप्रैल, का .** कलेक्टर डॉ . गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा बुधवार को पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में 'स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026-27 का शुभारंभ किया . कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नि:शुल्क स्कूल बैग एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया .

# जन्मोत्सव पर विशाल भजन संध्या आज

**नवभारत न्यूज**

**पचोर 01 अप्रैल, सं. श्री राम भक्त श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नगर के सभी प्रमुख मंदिरों पर श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे.**

जिसकी तैयारी मंदिरों पर आयोजन समिति द्वारा की जा रही है. श्रीरामपुरिया हनुमान मंदिर, श्री कामखेड़ा हनुमान मंदिर, श्री बाडीगांव हनुमान मंदिर, श्री बगीची हनुमान मंदिर बोडा नाका सहित सभी प्रमुख मंदिरों पर हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन के लिए मंदिरों की आकर्षक साज सज्जा के साथ विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न करने के लिए मंदिर समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है.

सभी प्रमुख मंदिरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की जयंती के अवसर पर पूजा अर्चन दर्शन लाभ प्राप्त करने मंदिरों पर पहुंचेंगे.

वही श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरिया पर प्रातः 6 बजे से श्री हनुमान जी महाराज का महाअभिषेक किया जाएगा. सुबह 9 बजे से कन्या भोज का आयोजन संपन्न होगा. दोपहर 12 बजे श्री हनुमान जी महाराज की महाआरती संपन्न होगी. मंदिर परिसर में रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें झालावाड़ राजस्थान की प्रख्यात भजन गायिका सुश्री उमा जांगिड़ के द्वारा मनमोहक भजनो प्रस्तुति दी जाएगी. शाम 6 बजे से श्री हनुमान व्यायाम शाला एवं हिंदू उत्सव समिति के द्वारा श्री हनुमान मंदिर भोजपुरीया से चल समारोह प्रारंभ होगा. चल समारोह का समापन श्री हनुमान मंदिर बगीची बोडा नका पर संपन्न होगा.

# प्रवेशोत्सव : नि :शुल्क पुस्तकें बांटी

**तलेन 01 अप्रैल, सं.** स्कूल चले हम कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन सत्र का प्रवेश उत्सव पर विद्यार्थी को नि:शुल्क पुस्तक का वितरण किया. विद्यालय प्रभारी प्राचार्य एमपी आदमपुरिया ने अतिथियों का स्वागत किया. वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद पवार, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह ने विद्यार्थियों को मेहनत एवं लगन से पढ़ने से अच्छे अंक आने पर शासन के द्वारा दी जाने वाली के स्कूटी एवं लैपटॉप के बारे में बताया. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, पूर्व नगर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदर सिंह यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भारत सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार अवध नारायण उपाध्याय, पार्षद कैलाश नारायण यादव, महेश यादव, गोविंद यादव, रामबाबू कुशवाहा, शिवप्रसाद शर्मा, महेश भतकारिया, मानसिंह यादव फौजी सरकार, पत्रकार प्रमोद सिंह राजपूत, सतीश यादव आदि जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक गण के साथ-साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. आभार व्यक्त श्री मती स्नेहलता तिवारी व संचालन अनिल कुमार यादव के द्वारा किया गया.

## नवाचार

### नि :शुल्क बैग वितरण से बढ़ा नामांकन, समग्र शिक्षा अभियान भोपाल ने की सराहना

# नवाचार से स्कूल चलो अभियान को मिली नई उड़ान

**कलेक्टर डॉ . गिरीश कुमार मिश्रा का नवाचार प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों का भव्य स्वागत**




**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 अप्रैल, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में विद्यार्थियों का स्वागत माला पहनाकर, पुस्तक एवं बैग वितरित कर किया गया.**

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत पहला दिन प्रवेश उत्सव अत्यंत विशेष होता है, जो बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है. कार्यक्रम के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में नवीन प्रवेश लेने वाले कक्षा 6वीं के छात्राओं का भी विशेष रूप से स्वागत किया गया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा के नवाचार के तहत नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क बैग वितरित किए गए ।साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 12 हजार बैगों का वितरण किया गया तथा जाति प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया. इसके परिणामस्वरूप जिले के शासकीय विद्यालयों में नामांकन अनुपात में वृद्धि हुई, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. इस पहल की सराहना समग्र शिक्षा अभियान, भोपाल द्वारा भी की गई.

इस अवसर पर ईशिका जाटव, सुहाना, कैनात, खुशबू, अक्षा एवं मोनिका को विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. वहीं कन्या महाविद्यालय में पिंकी मेवाड़े एवं कनक को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया. इस दौरान पूर्व विधायक श्री रघुनंदन शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय अत्यंत पुराना एवं प्रतिष्ठित है, इसके गौरवशाली नाम को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मीलों मुझे चलना है दोहे के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि विद्यालय योग्य शिक्षकों के सशक्त हाथों में है. उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक विकासखंड स्तर पर पुस्तकालय स्थापित किए जाएं. साथ ही कहा कि हमारा विद्यालय भवनों से नहीं, बल्कि शिक्षकों और विद्यार्थियों से बनता है. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके जैसे बच्चे भी शासकीय विद्यालय में पढ़कर आईएएस बन सकते हैं.

साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शिक्षा के क्षेत्र में जीवन के प्रत्येक पहलू को स्पर्श किया गया है. लैपटॉप, स्कूटी, छात्रवृत्ति सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है. कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले भी उपस्थित रहे. साथ ही शिक्षकों एवं प्राचार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रोत्साहित किया गया. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

### आकाशीय बिजली का धमाका, तड़ितचालक से बची मशीनरी

**ब्यावरा 01 अप्रैल, का.** मंगलवार की रात्रि को नगर में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली की भारी गर्जना हुई, पुराना बस स्टेण्ड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के पॉवर प्लांट के यहां जोर की गर्जना हुई. सौभाग्य से यहां लगे तड़ितचालक से मशीनरी को एक बड़ा नुकसान होने से बच गया. गौरतलब है कि मंगलवार की रात्रि में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली से आसमान गूंज उठा. इसी बीच स्थानीय पुराना बस स्टेण्ड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के यहां आकाशीय बिजली की गर्जना ने थर्रा दिया. टेलीफोन बीएसएनएल प्रबंधन के अनुसार आकाशीय बिजली के धमाके से पॉवर प्लांट में मौजूद दो पीसी फाल्ट हुए एवं एक स्वीच में खराबी आई है जिसे दुरस्त कर लिया गया. सौभाग्य से यहां लगे उच्च क्वालिटी के तड़ितचालक से मशीनरी में एक बड़ा नुकसान होने से बच गया.


## कार्यालय नगर परिषद जीरापुर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म .प्र .

cmonpzpr@gmail.com
Office - 0370 275553
क्र./निर्माण/303/2026
जीरापुर 27.03.2026

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाइन निविदाये आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_493961_1 Date 26.03.2026/ 10:30AM | वार्ड क्र. 02, 03, 10, 11, 12, 13 एवं 14 में हटीले हनुमान मंदिर से इंदर चौराह एवं अटल चौक तक रोड़ सरफेस रिन्यूवल कोट कार्य | 1-06 माह 2-13165957/- | 1-12500/- 2-65830/- | 27.04.2026 / 17:30 PM |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा. साथ ही निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है.

श्रीमती अनुसुईया पवन कुशवाह, अध्यक्ष, नगर परिषद जीरापुर
हेमंत जोशी, उपाध्यक्ष, नगर परिषद जीरापुर
ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री, नगर परिषद जीरापुर
हरिओम शर्मा, मुख्य नपाधिकारी, नगर परिषद जीरापुर